## संक्षिप्त

### पैंशनर्स समाज उपशाखा फुलेरा की बैठक आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन सभागार में सायं 5 बजे राजस्थान पैंशनर्स समाज उपशाखा फुलेरा की एक आवश्यक बैठक शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा 8 वें वेतन आयोग का पैंशनर्स को कोई लाभ नहीं देने के विरोध में तथा पैंशनर्स को दो भागों में बांटने का पैंशनर्स समाज द्वारा घोर निन्दा की गयी। साथ ही राजस्थान पैंशनर्स समाज की प्रान्तीय कार्यकारिणी के आवाह्न पर लिए गये आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक उपशाखा द्वारा 9 अप्रेल को रैली निकाल कर उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए फुलेरा सहित आसपास के क्षेत्रों के समस्त पैंशनर्स से अपील करते हुए कहा कि 9 अप्रेल को प्रातः 9 बजे गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा पर एकत्रित होकर रैली रवाना होकर अम्बेडकर सर्किल पर सभा में परिवर्तित होगी। जहां विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये होकर अम्बेडकर सर्किल पर सभा में परिवर्तित होगी। जहां विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे जायेंगे।

### धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**कोटपूतली।** कस्बे के आजाद चौक तहसील परिसर स्थित श्री सीताराम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखण्ड रामायण पाठ व गायत्री परिवार के सहयोग से 05 कुण्डी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें यजमान के रूप में बालकिशन शर्मा, अजय कुमार, रणजीत बंसल, सुरेश मेहरा, नवल सैनी, हीरालाल सैनी, सुरेश सैनी, नत्थूराम सैनी आदि ने सपत्नि यज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं गायत्री परिवार शाखा कोटपूतली के सानिध्य में दीप यज्ञ आयोजित किया गया तथा 21 दीप जलाकर मंदिर में दीप माला बनाई गई। इस दौरान मंदिर व आसपास का क्षेत्र दीपों से जगमगा उठा। इस मौके पर एड. बजरंग लाल शर्मा, अशोक सुरेलिया, दीनदयाल गौड़, सुरेश कुमार, कैलाश शर्मा, महेन्द्र कुमार शर्मा, बद्रीप्रसाद शर्मा, किशनलाल शर्मा, विजय छीपा, भोलाराम छीपा, नितेश शर्मा, आशु पुजारी समेत अनेक श्रद्धालू मौजूद रहे।

### पानी सप्लाई की मांग

**दूदू ।** नगर पालिका क्षेत्र दूदू के अधीन विभिन्न कॉलोनी में जलदाय विभाग द्वारा संचालित बीसलपुर पेयजल सप्लाई योजना में पर्याप्त सप्लाई नहीं किए जाने के कारण उपभोक्ताओं को पीने का पानी 300 से 400 प्रति टैंकर खरीद कर देने का मजदूर होना पड़ रहा है विभाग द्वारा बीसलपुर की जो लाइन डाली गई में एक माह में 15 दिन पानी सप्लाई की जाती है उस में मात्र एक मटकी भी नहीं भर पाती है उपभोक्ताओं द्वारा पावर हाउस के पीछे गणेश कॉलोनी इंदिरा कॉलोनी रघुनाथ कॉलोनी गाड़िया लोहार कॉलोनी की महिलाओं द्वारा जलदाय विभाग कार्यालय में जाकर भी पानी सप्लाई की मांग को लेकर आक्रोश जताया था लेकिन विभाग पर कोई असर नहीं हुआ जनता को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### मण्डी में व्यापार चार दिन बाद पुनः शुरू

**निवाई।** कृषि उपज मण्डी में चार दिन बाद सोमवार को व्यापार पुनः शुरू हो गया है। जिससे मंडी में रौनक लोट आई है। पिछले चार दिन तक पल्लेदारों ने हडताल कर रखी थी जिसकी वजह से मंडी व्यापार बंद था। शनिवार को पल्लेदारों, व्यपारियों व किसानों में सहमति होने के बाद सोमवार को पुनः मंडी व्यापार शुरू हो गया। व्यापार मण्डल संरक्षक ताराचन्द बोहरा एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया ने बताया कृषि उपज मण्डी में पल्लेदारों की हडताल के चलते चार दिन तक मंडी व्यापार बन्द था। जिसको लेकर शनिवार की शाम पल्लेदारों, व्यपारियों व किसानों में सहमति बनी।

# बैठक में एजेंडा के अनुरूप पूरी तैयारी के साथ अधिकारी उपस्थित हो : कलेक्टर

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई । बैठक में कलेक्टर ने विभागवार अधिकारियों से सरकार की ओर से संचालित योजनाओं एवं विकास के कामों सहित बिजली पानी को लेकर समीक्षा की व शत-प्रतिशत काम को पूरा कर आमजन को राहत प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने विभागों को भेजे गए एमपी/एमएलए परिवादों की समीक्षा कर शेष परिवादों के जवाब भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित प्रभारी मंत्री एवं दिशा की बैठक हेतु अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित प्रोग्रेस की पीपीटी भेजने के साथ ही एजेंडा के अनुसार पूरी तैयारी कर बैठक में उपस्थित रहने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अहिंसा सर्किल पर पोल शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए साथ ही उन्होंने एग्रीकल्चर कनेक्शन की प्रगति जानी। शिक्षा विभाग एवं कोषाधिकारी को 12 अप्रैल को आयोजित होने वाली जेल प्रहरी परीक्षा 2024 को सफलतापूर्वक कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खैरथल जिला सचिवालय पर आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

बैठक में जिला कलेक्टर ने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा कि। संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा कर जलदाय विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जल शक्ति अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को जल संरक्षण से संबंध में किए गए कार्यों को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गेहूं एवं सरसों की एमएसपी खरीद के संबंध में जानकारी प्राप्त की ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को

- **एमपी/एमएलए परिवादों की समीक्षा शेष परिवादों के जवाब भिजवाने, अहिंसा सर्किल पर पोल शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, जेल प्रहरी परीक्षा सफलतापूर्वक कराने सहित दिए निर्देश**

पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, बिजली विभाग, समाज कल्याण रमेश दहमीवाल, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, इरिगेशन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सत्संग का आयोजन आज

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा के ब्रह्मलीन गिरवरदास महाराज की तपोस्थली भूमि में सताईसा संत समाज के अध्यक्ष महंत मानदास महाराज के सानिध्य में हर वर्ष की भांति बुधवार को मेला भराया जायेगा। महंत मानदास महाराज ने बताया कि मेले से पूर्व मंगलवार रात्रि को सत्संग का आयोजन होगा। जिसमें दूर दराज से अनेक गायक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** ग्राम रजवास में स्थित ब्राह्मणों का मोहल्ला व कई वार्डों में पानी नहीं आ रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सोमवार को ग्रामीणों ने विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग की राइजनिंग लाईन से लोगों ने अवैध नल कनेक्शन ले लिए हैं। जिसकी वजह से गांव में पूर्ण दाब से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। इस बारे में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान करने हो पाया है। जिससे परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कर पेयजलापूर्ति सुचारू करने की मांग की है। इस दौरान संजय शर्मा, शिवानी गौतम, गायत्री गौतम, मुकेशकुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा व सूरज गुर्जर सहित समस्त वार्डवासी मौजूद थे। इधर सहायक अभियंता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को सुचारू रखने का जिम्मा पेयजल एवं स्वच्छता समिति को सौंप दिया गया है। इसकी सम्पूर्ण देखभाल समिति को ही करनी है। विभाग उसमें पूरा सहयोग करेगा।

# 'महिलाओं को साइबर प्रशिक्षण देकर फ्रॉड से बचाएं'

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को वित्तीय समावेशन के लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के संबंध में मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर बैठक में कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में प्रत्येक व्यक्ति को वित्तीय साक्षर करने के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने की महती आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने नाबार्ड के डीडीएम, राजीविका की डीपीएम एवं लीड बैंक अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों की कामकाजी महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रशिक्षण के साथ साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वर्तमान डिजिटल समय में वे अपने प्रोडेक्ट को प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ

- **वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर हुई बैठक, 10 व 12 में पढ़ने वाली किशोरी बालिकाओं को भी प्रशिक्षण देने के लिए किया निर्देशित**

साइबर फ्रोड से सुरक्षित रहे तथा वित्तीय साक्षरता भी रहे।

इसी के साथ उन्होंने सरकारी स्कूलों की कक्षा 11वीं व 12वीं की किशोरी बालिकाओं को भी इसके लिए लक्षित समूह के रूप में लेकर प्रशिक्षण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जब किशोरी बालिकाएं तकनीकी रूप से वित्तीय साक्षर होंगी तो वह अपने परिवार की अन्य महिलाओं को भी इसके बारे में साक्षर करेंगी। इसके लिए उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि नो बैग डे के दिन उक्त अधिकारियों के सहयोग से वित्तीय साक्षरता व साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता सेशन व प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था करावे।

जिला कलेक्टर ने नाबार्ड के डीडीएम, राजीविका की डीपीएम एवं लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि वित्तीय साक्षरता व साइबर सुरक्षा दिए जाने के लिए तीन पृथक-पृथक कोर्स तैयार करावे, जिसमें पहला कोर्स एसएचजी की ऐसी महिला जो तकनीकी रूप से जानकार हो व भली-भांति अपना कार्य कर रही हो, दूसरा कोर्स एसएचजी से जुडी ऐसी महिलाएं जिन्हें डिजिटल तकनीकी की जानकारी नहीं है तथा तीसरा कोर्स कक्षा 11वीं और 12वीं की किशोरी बालिकाओं को दृष्टिगत रखते हुए तैयार करावे।

उन्होंने राजीविका की डीपीएम को निर्देशित किया कि अलवर जिले में अच्छी गुणवत्ता के स्थानीय हस्त उत्पाद महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं।

## गैस की लाइन डालने के दौरान पेयजल लाइन टूटी

**पीपलू।** झिराना से चौगाई पंप हाउस के लिए बिसलपुर पेयजल की लाइन झिराना से बोरखडींकला के बीच से टूट गई। पाइपलाइन टूटने कारण इस समय गैस की लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई के दौरान जेसीबी से मशीन टूट गई। पाइपलाइन टूट ने से चौगाई पंप हाउस में होने वाली बिसलपुर की सप्लाई चार दिन से बंद है। एरिया मैनेजर मुकेश चौधरी ने बताया कि गैस की लाइन डालने के लिए नाली की खुदाई जेसीबी मशीन से की जा रही है। जिससे झिराना पंप हाउस से चौगाई पंप हाउस की पानी की सप्लाई लाइन कहीं जगह से टूट गई। पेयजल सप्लाई लाइन टूट जाने से चौगाई पंप हाउस से होने वाली 38 गांवों की पेयजल आपूर्ति बंद है। लाइन की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जल्दी ही पानी की सप्लाई चालू की जाएगी। रामलाल, मदनलाल सेन, सीताराम माली, हनुमान व गोपाल लाल ने बताया की वर्तमान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। वहीं शादी विवाह का सीजन चल रहा है। इस समय पानी कि आवश्यकता अधिक होने से काफी मुश्किल हो रही है।

# कांग्रेस की मजबूती के लिये विधानसभा प्रभारी ने ली बैठक

**मालपुरा।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा प्रभारी सुशील पारीक ने सोमवार को मालपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बैठक ले ब्लॉक से लेकर बुथ स्तर तक कांग्रेस पार्टी की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठनहित मे मजबूती से कार्य करने का संदेश दिया।

घासीलाल चौधरी ने आगामी विधानसभा चुनाव मे पार्टी की एकजुटता के लिये कार्य करने व पंचायत राज चुनाव व नगरपालिका चुनाव मे कांगे स की जीत का संकल्प लेने का कार्यकर्ताओ से आव्हान किया। ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने विधानसभा क्षैत्र मे भाजपा सरकार की नाकामियों को अंतिम छोर तक पहुंचा भाजपा की कथनी व करनी मे फर्क जनता को बताने का आ ान किया। बडी संख्या मे मौजूद कांग्रेसजनो ने

मालपुरा विधानसभा प्रभारी सुरेश पारीक ने मालपुरा मे ब्लॉक कांगेसजनो की ली बैठक।

एकस्वर मे पंचायत राज व नगरपालिका चुनाव मे कांग्रेस की जीत की बात कही। इस दौरान बैठक मे मौजूद जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, यशवीर सुरा व श्याम सुन्दर शर्मा सहित शहर अध्यक्ष मो. इस्हाक नकवी, किशनलाल फगोडिया, अवधेश शर्मा, मूलशंकर शर्मा, छोगालाल गुर्जर, कन्हैयालाल सैनी, भंवर मुवाल, मुंशी खां, रामदेव बैरवा, पवन मेन्दवास्या आदि ने भी संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

# बीसलपुर लाइन बदलने तक सांभर में रहेगी पेयजल समस्या

**सांभरझील,** (निसं)। मालपुरा से सांभर तक बीसलपुर की पुरानी कमजोर पेयजल लाइन के स्थान पर दूसरी (नवीन)लाइन बिछाने का काम कंप्लीट होने तक सांभर में पेयजल सप्लाई आगामी चार-पांच महीने तक और नियमित होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। करीब 4 महीने से पेयजल सप्लाई का सिस्टम पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। गड़बड़ाया हुआ इसलिए है की एक तो पुरानी पड़ चुकी बीसलपुर की कमजोर लाइन पर पानी सप्लाई का अत्यधिक पडने के कारण आए दिन डेढ़ सौ किलोमीटर की दूरी में किसी न किसी क्षेत्र में फट जाती है, जिसकी वजह से पानी सप्लाई सांभर नहीं पहुंच पाती है। पाइपलाइन को जैसे तैसे दुरुस्त करने में ही तीन-चार-पांच दिन लग जाते हैं। जब तक पाइपलाइन ठीक नहीं होती तब तक पानी सप्लाई ठप हो जाती है। सांभर के सहायक अभियंता संजय कुमार से बात करने पर बताया कि सांभर फुलेरा के लिए हमारी तरफ से डिमांड गर्मी के मौसम को देखते हुए 45 लाख लीटर की रखी गई है लेकिन बीसलपुर परियोजना से कटौती के कारण करीब 10-12 लाख ही पानी विभाग को दिया जा रहा है चूंकि सप्लाई का सारा सिस्टम बीसलपुर परियोजना के अधीन ही है और विभाग केवल सप्लाई और स्थानीय पेयजल लाइन की गड़बड़ी के काम को सुधारने तक ही सीमित है।

पानी सप्लाई हेतु हमारी ओर से पत्राचार करके डिमांड बढ़ाने हेतु आग्रह किया गया है लेकिन अभी तक लग नहीं रहा है कि मांग के आधार पर पानी उपलब्ध हो पाएगा। हमारा आमजन से अनुरोध है कि गर्मी के सीजन को देखते हुए पानी को व्यर्थ नहीं जाने दें। अपने हिसाब से पानी का स्टोरेज भी करके रखें क्योंकि बीसलपुर से पानी मिलने के आधार पर ही सप्लाई संभव है।

# रामलला के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल, निकली शोभायात्रा

**पावटा।** कस्बा पावटा में रामनवमी शोभायात्रा हिंदू उत्सव समिति पावटा के नेतृत्व में रामनवमी के पावन पर्व पर रामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पावटा घंटाघर चौक स्थित सीताराम मंदिर से गोपाल भैया महंत मोहनदास महाराज, मंदिर पुजारी वीरेंद्र, विनोद, मनीष, राहुल के सान्निध्य में भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली मे आस्था का जनसैलाब उमड़ा।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध विश्वास है। यही वजह है कि रामनवमी के दिन पूरा शहर राममय हुआ। हवा में लहराते भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा कर श्रीराम नाम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वही भगवान श्रीराम की शोभायात्रा व भगवा

रामनवमी के पावन पर्व पर रामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली।

रैली में पावटा कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस सीताराम मंदिर पर आकर सामाप्त हुई। इस दौरान भगवान की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में डीजे, ढोल ताशा, ध्वजा पताकाओ से सुसज्जित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम रथ आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। नगर वासियों ने अपने आराध्य देव की जय- जय कार के साथ पुष्प वर्षा कर अगवानी की। इस बार की शोभायात्रा में झांकी शिव तांडव व हनुमान जी की प्रस्तुति व पुष्प वर्षा व महाआरती विशेष आकर्षण रहे।

वही पालकी में विराजमान भगवान राम की भव्य सजावट युक्त रथ की चहुओर प्रशंसा हो रही थी।वही इस दौरान महंत मोहनदास महाराज व महंत भगवत दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन और कण कण में व्याप्त है। उनका जन्मोत्सव जनमानस का लोकोत्सव हैं। वही सर्व समाज द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर रामभक्तो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, भाजपा नेता कन्हैयालाल मीणा सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने इस भव्य शोभायात्रा में भाग लिया।


**आम सूचना** दिनांक 7.4.2025 आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य पांचूराम बैरवा पुत्र मांगीलाल, निवासी ग्राम पालड़ी मीणा, भट्टा वाली ढाणी जयपुर द्वारा न्यायालय एसीजेएम 14 जयपुर प्रथम में वाद उनवानी पांचूराम बनाम घनश्याम बगैरह वाद क्रमांक 57/24 बाबत दस्तावेज निरस्त किये जाने व घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा का दायर होकर डिक्री दिनांक 22.12.2024 को हो गया है। मेरा अभिभाष्य दावे में वर्णित संपत्ति मुहाना टर्मिनल मार्केट स्थित बी-145 का वैधानिक स्वामी है। इस प्लॉट के संदर्भ में मेरे अभिभाष्य के अलावा अन्य किसी भी व्यक्ति से किया गया संव्यवहार शून्य होगा।
उदय सिंह शेखावत, एडवोकेट

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:14 जाहिर आम-सूचना दिनांक:01.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 171/83 (LIG), (एरिया 60.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री बद्रीनारायण बैरवा पुत्र श्री रामधन बैरवा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8424 दिनांक 30.12.2003 को जारी किया गया था। जिसके पंजीयन प्रपत्र मूल आंवटी श्री बद्रीनारायण बैरवा के पक्ष में उप पंजीयक सागानेर प्रथम से दिनांक 23.12.2010 को पंजीकृत करवाया गये। श्री बद्रीनारायण बैरवा द्वारा उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री रामगोपाल मीणा पुत्र श्री रामसिंह मीणा के पक्ष मे उप पंजीयक सागानेर प्रथम के यहा दिनाक 19.01.2011 को पंजीकृत करवाया गया। श्री रामगोपाल मीणा की मृत्यु दिनांक 18.08.2018 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी स्व. श्री रामगोपाल मीणा द्वारा आवासन मण्डल में पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी स्व. श्री रामगोपाल मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सहायक प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: एफ( )जविप्रा/उप/जोन-11/2025/डी-5466 दिनांक 4/04/25
सार्वजनिक सूचना इसके गुप्त पुत्र श्री रामराम गुप्ता के द्वारा सेल पुनर्गठित योजना ग्राम कलवाड़ा के भवनांक भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 869.40 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड की रोकड़ीय श्रीमती रीना गुप्ता पत्नी श्री भूपेश कुमार आसवाल एवं श्रीमती शिल्पा जैन पत्नी श्री राकेश कुमार व्यवस्थापक के पक्ष में अनांक 6024 दिनांक 27.4.2016 के द्वारा पंजी की गयी है। श्रीमती आसवाल संपत्ति श्री जोरा कुमार मेकर मॉडिफाइ मुख्यभवनाम श्रीमती रीना गुप्ता पत्नी श्री भूपेश कुमार आसवाल एवं श्रीमती शिल्पा जैन पत्नी श्री राकेश कुमार व्यवस्थापक द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती शशिनी जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती अनिता आसवाल पत्नी श्री अशोक कुमार जैन को निरस्त कर दिया गया। तत्पश्चात श्रीमती शशिनी जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती अनिता आसवाल पत्नी श्री अशोक कुमार जैन के द्वारा उक्त भूखण्ड को श्रीमति गुप्ता पुत्र श्री रामराम गुप्ता को निरस्त कर दिया गया है। अतः अधोमेल द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/पंजीयीकरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/संस्था/संगठन एवं अन्य को आपत्ति हो तो वह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपायुक्त जोन-11, जविप्रा,जयपुर।

खोया-पाया
मेरे मकान - 91/73 मानसरोवर का कन्वेंस डीड, परिपिचुअल लीज एवं कब्जा पत्र मानसरोवर में गिर गया। मिलने पर सूचित करें- 9530387779
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना- बक्शावाला जेडीए स्कीम, जयपुर के प्लॉट नम्बर ए-64 का मूल आवंटन पत्र, संशोधित आवंटन पत्र, कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। लक्ष्मी देवी टांक - मोबाइल नम्बर 7014151080

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:91 जाहिर आम-सूचना दिनांक:07.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 75/286 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मनोज कुमार बिदावत पुत्र स्व. श्री विष्णु लाल बिदावत को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 193 दिनांक 29.03.2005 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 11.05.2005 को प्राप्त कर लिया गया। श्री मनोज कुमार बिदावत की मृत्यु दिनांक 08.04.2024 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मीरा वर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती मीरा वर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सहायक प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खनन पट्टा वाले खनिज सरपेन्टाइन निकट ग्राम रोहनवाड़ा, तहसील व जिला डूंगरपुर में 10,000 वर्गमीटर क्षेत्र में खनिज अभियन्ता महोदय उदयपुर के आदेश क्रमांक छ.ब/उदय/सीसी/3/डूंगर/एमआर/एमएल/318/91/620 दिनांक 08.07.1994 से श्री गिरीराज प्रसाद इकरोटिया के पक्ष में स्वीकृत किया गया था, जिसका एम.एल. नम्बर-1017/91 है। तत्पश्चात् उक्त खनन पट्टा एमएमसीआर/1986 के नियम 15 के तहत खनन पट्टा आदेश क्रमांक 92 दिनांक 09.03.1999 से मेरे अभिभाष्य रामदेव लोयल पुत्र स्व. चेतराम लोयल, निवासी 4-5, अशोक विहार, अम्बाबाड़ी, जयपुर राजस्थान-302016 के नाम हस्तांतरण होकर संविदा दिनांक 07.06.1999 को निष्पादित किया जाकर पंजीयन दिनांक 07.06.1999 से होकर खनन पट्टा मेरे अभिभाष्य के प्रभाव में आया तथा मेरे अभिभाष्य ने श्री महेश कुमार डंगायच पुत्र लाडली शरण डंगायच, निवासी-207, एलेस्ट विहार-बी, किंग्स रोड, जयपुर (राज.) को उक्त खनन पट्टे के सम्बन्ध में दिनांक 08.02.2007 को अपना मुख्त्यार आम नियुक्त किया गया तथा उक्त खनन पट्टे के सम्बन्ध में एक इकरारनामा भी निष्पादित किया गया था, लेकिन महेश कुमार डंगायच द्वारा मुख्त्यारनामा के विपरीत कार्य किये जाने एवं इकरारनामे की शर्तों की पालना नही किये जाने के कारण मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त मुख्त्यारनामा आम व इकरारनामा दिनांक 08.02.2007 को निरस्त कर दिया है तथा अब मेरा अभिभाष्य उक्त खनन पट्टे के आधार पर समस्त प्रकार की कार्यवाही करने, उपयोग उपभोग एवं समस्त प्रकार के संव्यवहार करने हेतु स्वतन्त्र है, यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त निरस्त मुख्त्यारनामा व इकरारनामा दिनांक 08.02.2007 के आधार पर महेश कुमार डंगायच के साथ किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी रहेगा, अतः सूचित रहे।
जयपुर/दिनांक- (कुलदीप शर्मा) मो. नं. 9829732931

आम सूचना
मेरा एक खरीदशुदा भूखण्ड नम्बर 52, जिसका कुल क्षेत्रफल 1365 वर्गफिट हैं जिसे मैंने बुधराम सैनी व हरकेश सैनी से दिनांक 03.05.2016 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र खरीद किया था। उक्त मूल रजिस्ट्री टेम्पू से स्टेशन से घर आते समय दिनांक 15.07.2024 को रास्ते कहीं गिर गयी। जिसकी एफआईआर मैंने दिनांक 27.08.2024 को थाना गंगापुर सिटी में करा दी है। उक्त भूखण्ड को मैं विक्रय करना चाहती हूँ यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सात दिवस के अन्दर उपपंजीयन कार्यालय गंगापुर सिटी में दर्ज करा सकते हैं।
प्रार्थी-
किरण देवी पत्नि मनोज सैनी निवासी शिव कॉलोनी, नागाओं की छाबनी, गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर
मो. 8302172431

नाम परिवर्तन
I Renu Urf Ratni Devi D/o Mangej Ram and W/o Moolchand Jat R/o Ward No.-7, Burja Ki Dhani, Khiroti, Sikar, Sri Madhopur, Rajasthan-332705, have changed my name to Renu Devi.
मैंने परमात्मा पाण्डेय पुत्र पृथ्वीनाथ पाण्डेय निवासी 19-ए, रामनगर एच विस्तार, स्वेज फार्म, सोडाला, जयपुर अपना नाम परमात्मा कुमार पाण्डेय से बदलकर परमात्मा पाण्डेय रख लिया है। भविष्य में मुझे परमात्मा पाण्डेय के नाम से जाना जावे।
I have change my name from Anil Kumar M.R. Sharma to Anil Kumar Sharma S/o Mamraj Sharma, R/o 5/195, SFS, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan-302020. In future I Know